Regarding implementation of Khelo India Programme in Mandsaur Parliamentary Constituency-laid

श्री सुधीर गुप्ता (मन्दसौर) : ?खेलो इंडिया? खेलों के विकास के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जो देश के प्रधानमंत्री जी द्वारा भारत में खेल संस्कृति को जमीनी स्तर पर पुनर्जीवित करने का महान कार्य किया है। मेरे संसदीय क्षेत्र में ?खेलो इंडिया? के अन्तर्गत मंदसौर में हाकी को ?खेलो इंडिया? से जोड़कर एक मजबूत ढांचे का विकास किया है। मेरा आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के नीमच, मनासा, जवाद, सुवासरा, जावरा, गरोठ तथा मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्रों में बास्केटबाल, फुटबाल, कबड्डी, खो-खो-, मलखम्ब, वालीबाल, बैडमिन्टन तथा शतरंज जैसे खेलों में बच्चे राष्ट्रीय स्तर तक खेलते है। कृपया प्रत्येक विधानसभा स्तर पर खेलो इंडिया का एक विशेष खेल पर ध्यान आकृष्ट करने की व्यवस्था सुनिश्चित करे, ताकि खेलों के प्रति समुचित विकास हो सके।